हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

15 ग्रामीण सरकार चुनने मतदाताओं में भारी उत्साह



15 शराब दुकानों को हटाने उठने लगी मांग










## खबर संक्षेप



### पंचायत चुनाव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी पोलिंग बूथ खचाखच रहे। ग्राम बिरेझर में धनेश साहू पिता रूपराम साहू ने बारात जाने से पहले अपने मत का उपयोग कर लोकतंत्र के महापर्व को मजबूती दी।

### आमाचानी में श्री राघवेन्द्र सरकार गुणगान सम्मेलन 23 से

**मगरलोड।** ग्राम आमाचानी में श्रीराम कृपा मानस समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्री राघवेन्द्र सरकार गुणगान सम्मेलन का आयोजन 24 से 26 फरवरी तक किया जा रहा है। शुभारंभ एवं दीप प्रज्ज्वलन 23 फरवरी रविवार को ग्रामवासियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में होगा।

### भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 27 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी बीए भाग दो एवं तीन के के नियमित, भूतपूर्व एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 27 फरवरी को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक रिकार्ड एवं अन्य लेखन सामग्री के साथ महाविद्यालय में निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 एवं 24 को

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में भूगोल बीए द्वितीय वर्ष एवं बीए अंतिम वर्ष की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 फरवरी को प्रातः 8 बजे से आयोजित होगी। इसी तरह रसायनशास्त्र बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा 24 फरवरी को प्रातः 8 बजे से होगी। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल एवं प्रवेश कार्ड के साथ परीक्षा आरंभ होने के आधा घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। परीक्षा में सम्मिलित न होने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 2 को

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 2 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा के लिए वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन/एडमिट-कार्ड-लॉगिन से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के होनहार छात्र हुए सम्मानित

**कोर्रा(भखारा)।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गैलेक्सी हायर सेकेंडरी भखारा प्राचार्य, जानकी साहू, दुलौरिन साहू, रोशनी, विजय लक्ष्मी, तमिल साहू उपस्थित थे। इस दौरान भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कुमारी अन्नपूर्णा साहू, कुमारी हर्षित साहू एवं आहूजा बैस को मैडल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### फिल्म को धोने-सुखाने व रिपोर्ट मिलने पर मरीजों को हो रहा विलंब

# जिला अस्पताल की बीमार डिजिटल एक्स-रे मशीन का अब तक नहीं हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन का दो माह बीत जाने के बाद इलाज नहीं हो पाया है। मैनुअल पद्धति से एक्स-रे कर फिल्म व रिपोर्ट देने में काफी समय लग रहा है।

जिला अस्पताल में पहले मैनुअल पद्धति से एक्स-रे लिया जाता था। इस पद्धति से लिए गए एक्स-रे की स्पष्टता कम होती थी जिसके कारण मरीज का दोबारा एक्स-रे लेना पड़ जाता था। इसके बाद भी स्पष्टता नहीं आने पर मरीजों को निजी सेंटर की शरण में जाना पड़ता था। मरीजों को हो रही समस्या को देखते हुए शासन ने डिजिटल एक्स-रे की शुरूआत की। इसके लिए लगभग सात साल पहले जिला अस्पताल के एक्स-रे विभाग को सीडीआर स्कैनर मशीन की सप्लाई की गई। उसके बाद से मरीजों को कम समय में स्पष्ट व डिजिटल एक्स-रे मिलने लगा। डिजिटल एक्स-रे में 15 मिनट में मरीज को फिल्म और रिपोर्ट दी जाती थी। लेकिन पिछले दो माह से अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे बंद हैं। टेक्निशियन मैनुअल पद्धति से एक्स-रे लेकर प्लेट डेवलप करने के बाद फिल्म को सुखाते हैं। तत्पश्चात मरीज को फिल्म व रिपोर्ट दी जाती है। इस काम में एक एक्स-रे के लिए लगभग 45 मिनट का समय लग जाता है। एक्स-रे मिलने तक ओपीडी का समय समाप्त हो जाता है। मरीज डाक्टर को बगैर रिपोर्ट दिखाए व बिना दवाई लिए वापस लौट जाते हैं। रिपोर्ट की जांच कराने मरीज को दूसरे दिन फिर अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है। इसी कारण से अब कम मरीजों का एक्स-रे हो पा रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मशीन के खराब होने की सूचना कंपनी को देने पर टेक्निशियन ने स्कैनर की जांच कर उस पर कंडम का स्टीकर लगा खराब होना बता दिया है।





#### नई मशीन के लिए हो रहा प्रयास

जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि मशीन की मरम्मत में लाखों रूपए का खर्च होना बताया गया है। कंपनी द्वारा मशीन को कंडम घोषित कर दिया गया है। कलेक्टर के माध्यम से राज्य स्तर पर नई डिजिटल एक्स-रे मशीन के लिए पत्राचार किया गया है। नई मशीन की कीमत 15 से 20 लाख रूपए है। लगातार राज्य को रिमाइंडर भेजा जा रहा है।

## अंचल में शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत दूसरे चरण में अंवरी सहित भैंसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, सिर्वे, सेमरा, सुपेला, सिलतरा, जोरातराई, कोलियारी, नवागांव थुहा, बंगोली, बगौद में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। बुजुर्गों, महिलाओं, युवा मतदाताओं के साथ नये मतदाताओं में अपने प्रतिनिधि चुनने तथा लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने भारी उत्साह का माहौल देखा गया। मतदान केन्द्रों में दिव्यांग, वयोवृद्ध महिला मतदाताओं द्वारा भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।



ग्राम अंवरी के ईश्वर साहू ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना पहला मतदान किया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन का पहला मतदान किया। वह मतदान कर खुश हैं। लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना योगदान दिया।

# भाजपा नेताओं ने रखी सरकार की उपलब्धियां, कांग्रेस पर साधा निशाना

- गट्टासिल्ली, बेलर, सांकरा, घठुला में रामू, रंजना, प्रकाश ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में ली सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम गट्टासिल्ली, बेलर, सांकरा और घठुला में नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के प्रत्याशी अरुण सार्वा और 11 के प्रत्याशी अजय फत्ते लाल ध्रुव सहित भाजपा के अन्य जिला एवं जनपद प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए रामू रोहरा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। नगरी क्षेत्र में भाजपा शासन के दौरान विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई गईं। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ जनता को गुमराह किया है। भाजपा की सरकार सेवा और समर्पण की नीति पर चलती है, जबकि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम करती है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिला, जबकि कांग्रेस के समय सिर्फ भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी देखने को मिली। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार चरम पर था और अब जनता उनके झूठे वादों में फंसने वाली नहीं है। यह चुनाव सिर्फ एक व्यक्ति को जिताने का नहीं, बल्कि क्षेत्र के भविष्य और विकास की दिशा तय करने का चुनाव है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के प्रत्याशी अरुण सार्वा ने कहा कि वे हमेशा किसानों, युवाओं और गरीबों की सेवा के लिए तत्पर रहे हैं। भाजपा सरकार की योजनाओं से आज किसान आत्मनिर्भर और सशक्त हो रहे हैं। मेरा लक्ष्य उनन्त किसान है और इसे साकार करने के लिए आप सभी का समर्थन आवश्यक है।

सभा का संचालन गट्टासिल्ली में अखिलेश प्रजापति, बेलर में अकबर कश्यप और सांकरा में रविशंकर दुबे ने किया। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विकल गुप्ता और नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने भी अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। ग्राम गट्टासिल्ली, बेलर, सांकरा और घठुला में आयोजित सभा में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि इस बार जनता कांग्रेस की नीतियों से त्रस्त होकर भाजपा को भारी बहुमत से जिताने का मन बना चुकी है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रूपेंद्र साहू, पारस साहू, सुगंध साहू, पवन साहू, गिरवी भंडारी, रेवा तिवारी, जीवन साहू, सत्संग साहू, लव साहू, सत्ती मरकाम, डीके. यादव, शकुन बाई, हिरवानी कश्यप, जनमेजय साहू, बलदाऊ यादव, रामदास समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# चार खरीदी केंद्र खुले, चार नए का प्रस्ताव भेजा गया

- चने की समर्थन मूल्य पर खरीदी की तैयारी जोरों पर, अब तक 1500 किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समर्थन मूल्य पर चना, सरसों और मसूर की खरीदी के लिए तैयारी जोरों पर है। अब तक खरीदी के लिए 1500 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीयन प्रक्रिया चालू है। उधर खरीदी के लिए चार खरीदी केंद्रों की स्वीकृति मिल चुकी है। चार और खरीदी केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इन खरीदी केंद्रों को भी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन ने इस साल चना, सरसों और मसूर को समर्थन मूल्य में खरीदने का फैसला लिया है। इसके लिए तैयारी भी चल रही है। पंजीयन की कार्रवाई 28 फरवरी तक चलेगी। इसके बाद 1 मार्च से खरीदी शुरू कर दी जाएगी। जिले में अब तक 1507 किसानों ने चना बेचने के लिए किसान पोर्टल पर पंजीयन कराया है। धमतरी तहसील में 590, कुरूद तहसील में 815, मगरलोड तहसील में 40 और नगरी तहसील में 62 किसानों ने चना बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इस साल 9 हजार किसानों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने किसानों से समर्थन मूल्य का लाभ लेने की अपील की है।



#### 15500 हेक्टेयर में लगी फसल

इस साल कृषि विभाग ने जिला प्रशासन के सहयोग से फसल चक्र परिवर्तन के लिए अभियान चलाया था, जिसका सार्थक परिणाम सामने आया है। जिले में कई किसानों ने धान की जगह चना, गेहूं, उड़द, मूंग आदि फसल लगाई है। सबसे ज्यादा चना की फसल लगी है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में करीब 15500 हेक्टेयर में चना की फसल लगी है। धमतरी विकासखंड में 6378 हेक्टेयर, कुरूद विकासखंड में 5875 हेक्टेयर, मगरलोड विकासखंड में लगभग 2500 हेक्टेयर और नगरी विकासखण्ड में 726 हेक्टेयर में चने की फसल लगी है।

#### प्रति एकड़ 6 क्विंटल की खरीदी

चना की खरीदी राज्य सरकार आशा योजना के तहत कर रही है। प्रति क्विंटल 5650 रुपए की दर से खरीदी की जाएगी। प्रति एकड़ चना की खरीदी की लिमिट 6 क्विंटल तय की गई है। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि पंजीयन के लिए किसानों को खेत की ऋण पुस्तिका, आधार नम्बर, बैंक पास बुक और मोबाइल नम्बर के साथ आवेदन अपने क्षेत्र की सहकारी समिति में जमा करना होगा। पोर्टल पर पंजीयन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा फ़सल का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धमतरी विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति तरसींवा और लोहरसी को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। इसी तरह कुरूद विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रामपुर और कातलबोड़ को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। नगरी, मगरलोड, धमतरी और छाती समिति को भी उपार्जन केंद्र बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

## सांकरा में लव साहू निर्विरोध पंच चुने गए



**नगरी।** ग्राम सांकरा में वार्ड क्रमांक 06 से लव साहू निर्विरोध पंच चुने गए। जीत के बाद सचिव मदन सेन ने उन्हें प्रमाण-पत्र दिया।

## गागरा में अनीता बनी सरपंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

ग्राम पंचायत गागरा में श्रीमती अनीता बीरेंद्र साहू सरपंच पद पर विजयी हुई है। उन्होंने अपने विरोधी को 263 मतों से हराया। जीत के बाद विजय रैली निकली गई।

रैली में पूर्व सरपंच जमुना मनोज ध्रुव, नरेश दास बघेल, रामजी, डॉ. खेमराज साहू, पवन साहू बूथ अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## सलोनी स्कूल में डोनेट अ बुक कैंपेन का आयोजन



**धमतरी।** पढ़बो पढ़ाबो थीम अंतर्गत डोनेट अ बुक कैंपेन का आयोजन शाउमावि सलोनी में शिक्षक घनश्याम सिंह साहू द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत विदयालय में पुरानी एवं उपयोगी पुस्तकें जैसे महापुरुषों की जीवनी, प्रतिभावान बच्चों की जानकारी, छग की ऐतिहासिक धरोहर, प्रमुख तीर्थधाम एवं पर्यटन स्थल, परीक्षा सार, पर्यावरण प्रबंधन आदि दान करते हैं। इससे विद्यार्थियों के साथ आमजन में भी पुस्तक पढ़ने की ललक पैदा होगी। बच्चों में कविता गीत, कहानी, नाटक लेखन में रुचि पैदा होगी।

## रोपे अमरुद के पौधे में फल आने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल के किचन गार्डन में बच्चों ने अमरूद, आम, पपीता जैसे फलदार पौधों का रोपण किया था। वर्तमान में अमरुद का पेड़ तैयार हो गया है। फल आने लगे हैं। इससे बच्चों को लाभ मिल रहा है।



# परसापानी के ग्रामीणों ने दिया एकता का संदेश

### परसापानी एवं अछोली में निर्विरोध चुने गए पंच परमेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम व्यवस्था समिति परसापानी एवं ग्रामवासी अछोली के सामूहिक प्रयास से ग्राम पंचायत परसापानी में कांतिदेवी नेताम निर्विरोध सरपंच व गिरधर मरकाम उपसरपंच चुने गए। इस पर ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष डीपी ग्वाल ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास का शानदार परिणाम है। इससे एक शांति एवं सदभाव का संदेश जाता है। इस ग्राम पंचायत का यह पहला इतिहास है। उन्होंने शासन से अनुरोध किया गया कि ऐसी पंचायतों को अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया जाए। पेयजल आपूर्ति, सीसी रोड एवं हर छोटी-बड़ी समस्याओं को इसी पंचवर्षीय योजना में शामिल कर हल किया जायेगा। आभार व्यक्त नंदकुमार मरकाम ग्राम अछोली ने किया।

इसी तरह संतोष मरकाम, श्रीमती अमरीका नाग, धनेश्वरी बघेल, नीलिमा साहू, कोमल मरकाम, पुष्पा नेताम, लता मरकाम, ग्राम अछोली से श्रीमती सावित्री मंडावी, पूर्णिमा नेताम, निकेश मानिकपुरी, नोहरसिंह नेताम निर्विरोध पंच बनाए गए।

मौके पर गौतम मरकाम, तातू मरकाम, धन्नू नेताम, नवल मरकाम, राजकुमार सिन्हा, धिराज मरकाम, विदेश नेताम, किशोर मरकाम, गोपी मेश्राम, पन्नालाल कश्यप, विशाल नेताम, छबिलाल सोम, मन्नू नेताम, दिनेश साहू, रामूलाल मंडावी, उपसरपंच शोभीराम वट्टी, भुवनेश्वर कुंजाम, भादूराम यादव, भावसिंह मरकाम, नंदलाल साहू, घनश्याम साहू, कुलदीप साहू, भरत ग्वाल, पुरुषोत्तम मरकाम रोहित नागेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

Pride of Dhamtari
सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट में डुवा टीम की जीत व हिंगंझर की हार

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल ग्राम कलवर में 6 दिनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सुपर स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हुआ। प्रतियोगिता में 36 टीम ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मैच डुवा और हिंगंझर के मध्य खेला गया। हिंगंझर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार ओवर में 35 रन बनाएं। जवाब में डुवा ने 3.1 ओवर में 36 रन बनाकर जीत दर्ज किया।

### बाइक की ठोकर से राहगीर की हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत माटवाड़ा मेन रोड में आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 5629 के चालक ने 6 जनवरी को दोपहर 3 बजें अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक कन्हैया राम को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गंभीर चोट आने की वजह से कन्हैया राम की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत आमाबेड़ा निवासी 55 वर्षीय बजय बाई का मौत कुआ में गिरने से हो गया। बड़ेतेवरा निवासी 60 वर्षीय रामसिंग मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतिका की मौत 18 से 19 फरवरी के मध्य बड़ेतेवड़ा के खेत में बने कुआ में गिरने से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर 25 हजार स्वीकृत

**बीजापुर।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में स्व. रामलाल सकनी की मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के पत्नि आवेदक विनेश्वरी सकनी पति स्व. रामलाल सकनी निवासी पेद्दाकोड़ेपाल को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### कलेक्टर व एसपी ने किया उपजेल का निरीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शसंबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बीजापुर स्थित उपजेल का औचक निरीक्षण किया। जेल के दक्षिण दिशा की ओर पूर्व से निर्मित 4 बैरक जो अभी जेल विभाग के कर्मचारी निवास कर रहे हैं उसको जेल विस्तारीकरण करके एक हजार बंदी क्षमता का जेल बनाया जा सकता है। जिसके विस्तारीकरण हेतु कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को प्राक्कलन तैयार कर जेल मुख्यालय रायपुर की ओर प्रेषित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन की प्रशंसा की एवं बंदियो के पुनर्वास हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

### अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश और उपायुक्त आबकारी आशीष कोसम एवं जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम द्वारा ग्राम चेंदुर पहुंचकर आरोपी के घर से लगे दुकान में बड़ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड एवं महुआ से बना अवैध शराब जब्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावरे, वतन चौधरी आबकारी आरक्षक भरत वट्टी एवं शिवनारायण सेठिया मिश्री लाल उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आज

**बस्तर।** आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भाषायी और सांस्कृतिक विविधता व बहुभाषिकता को पूरी दुनिया में बढ़ावा देना है। वर्ष 1952 में अपनी मातृभाषा के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किए गए आंदोलन के दौरान शहीद हुए युवाओं की स्मृति में यूनेस्को ने वर्ष 1999 में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

---

कुरूद जनपद में दूसरे चरण के लिए डाले गए वोट, 83 प्रतिशत हुआ मतदान

# ग्रामीण सरकार चुनने मतदाताओं में भारी उत्साह

- सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लम्बी कतारें दिखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत गुरूवार को जिले के कुरूद जनपद पंचायत क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण हुआ। सुबह से ही वोटिंग को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और मतदान केन्द्रों में लम्बी कतारें लगीं रहीं। जिले के अधिकांश मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। मतदाताओं ने पंचायत चुनाव में चार अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग रंग के बैलेट पेपर पर अपना मत अंकित किया। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र पर वोट डाले गए।

कुरूद जनपद पंचायत में 82.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें महिला मतदाता 84.75 और पुरूष मतदाता 80.84 प्रतिशत रहे। इस तरह कुरूद जनपद पंचायत में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने 5 प्रतिशत वोटिंग अधिक की।

बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण का मतदान जनपद पंचायत कुरूद में हुआ। 103 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों, एक हजार 147 पंच और 4 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया गया । जनपद क्षेत्र में कुल 105 ग्राम पंचायतों में सरपंचों और एक हजार 564 पंच पदों के लिए नामांकन प्राप्त किए गए थे । इनमें से 2 ग्राम पंचायतों में सरपंच का निर्वाचन निर्विरोध हो चुका है। इस तरह कुल एक हजार 564 पंच पदों में से 417 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। कुरूद जनपद क्षेत्र में अब 103 सरपंच पद पर निर्वाचन के लिए 346 अभ्यर्थी और एक हजार 147 पंच पदों के लिए दो हजार 491 प्रत्याशी मुकाबले में रहे। जनपद क्षेत्र में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 68 और 04 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए उम्मीदवार मैदान में थे।


## रंजना से आमदी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पंचायत आमदी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू सहित सभी पार्षदों ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू से उनके निज निवास पर मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किए। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि यह भाजपा के सुशासन की जीत है। प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार निरंतर जनभावनाओं के अनुरूप काम कर रही है जिससे पूरे प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों को सफलता मिली है। उन्होंने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं जिससे अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को लाभ मिल सके। इसके साथ- साथ एक जनप्रतिनिधि के दायित्व को पूरी लगन से निर्वहन करें। इस अवसर पर आमदी मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व अध्यक्ष मुरारी यदु, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ साहू उपस्थित थे।

## छात्रों ने देखा जंगल सफारी महंत घासीदास संग्रहालय



- मां दंतेश्वरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा धमतरी के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने आसपास के स्थानों को देखा और जाना।

कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए 3 स्थानों का चयन किया गया। जंगल सफारी रायपुर, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर, कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी का भ्रमण कराया गया। इसमें कुल 52 विद्यार्थी शामिल थे। सबसे पहले बच्चों को जंगल सफारी ले जाया गया। बच्चों ने सफारी क्षेत्र में 4 सफारी शाकाहारी वन्यप्राणी सफारी, भालू सफारी, टाइगर सफारी, शेर सफारी देखा। इसके बाद बच्चों को महंत घासीदास संग्रहालय ले जाया गया। यहां बच्चों ने अपने प्राचीन इतिहास को देखा और जाना। पुरातन काल की मूर्तियां, जीवनशैली, खुदाई में मिले अवशेष को करीब से देखना। चंदखुरी स्थित माता कौशल्या माता मंदिर के दर्शन किए। यह तालाब के बीचोबीच स्थित है। चंदखुरी गांव को भगवान राम की माता कौशल्या की जन्म स्थली माना जाता है। इस मंदिर का जीर्णोद्धार 1973 में किया गया था। शैक्षणिक भ्रमण में आचार्य लक्ष्मी रावटे, शिक्षिका लीला साहू, मोहन साहू, नूरेन्द्र साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, शारदा भुसाखरे, पूर्वी सोनकर, सरिता नेताम, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, लोपिता पिद्दा, प्रियंका यादव, भेमिन साहू, भूखीन धुव का सहयोग रहा।

## वृहद स्तर पर चला नाली सफाई अभियान



- आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर की जा रही नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्गो की नालियों का सफाई कार्य जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा के नेतृत्व में सफाई विभाग के कर्मचारी इस अभियान में जुटे हुए हैं। बुधवार को अर्जुनी चौक से बठेना चौक, विंध्यवासिनी मंदिर से लक्ष्मी निवास चौक तक, रत्नाबांधा चौक से अंबेडकर चौक तक, रत्नाबांधा चौक से गुप्ता हॉस्पिटल, सिहावा चौक से शांति कॉलोनी चौक, अंबेडकर चौक से श्रीराम हॉस्पिटल तक इन प्रमुख मार्गों पर नाली की सफाई की गई।

आयुक्त प्रिया गोयल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नगर निगम के स्वच्छता प्रयास में सक्रिय सहयोग करें। कचरा नालियों में न डालें। कचरे को नालियों में फेंकने से जलभराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ते हैं। कचरा निगम के वाहनों में ही दें। आयुक्त ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति कचरा इधर-उधर फेंकते या नालियों में डालते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। शहर की स्वच्छता और सुंदरता हम सभी की जिम्मेदारी है।

## संस्कारवान समाज के निर्माण में गायत्री परिवार का महत्वपूर्ण योगदान

- मात्र तीन माह में 1269 विभिन्न संस्कार कराए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान अंतर्गत धमतरी जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक के 24 गांवों में मात्र तीन माह में 1269 परिजनों का विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए।

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि आज हमारे चरित्र, चिंतन एवं विचार में विकृतियां पैदा हो गई है जिसके कारण अनीति, अत्याचार, हिंसा और अपराध बढ़ गया है। इस विषम परिस्थिति में भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। सन् 2026 में माता जी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में ज्योति कलश यात्रा अभियान के माध्यम से लोगों को संस्कारवान समाज निर्माण एवं नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है अभी तक धमतरी जिले के 24 गांवों में 1269 संस्कार कराए जा चुके हैं।

### 254 गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार

श्री नाग ने बताया कि गोकुलपुर, रुद्री, आमदी,परसुली, देमार, बोड़रा, छाती, कोष्टापारा, बठेना, कुरमातराई, गुजरा, बोदाछापर, मोंगरा, सिर्री, करेली बड़ी ,मेघा, भैंसमुण्डी, मोहरेंगा, सिलौटी, सुपेला, तर्रागोंदी, सांकरा, नगरी, फरसियां, आमगांव आदि स्थानों पर 3,5, 9, 12 कुण्डीय यज्ञ द्वारा 1269 संस्कार अंतर्गत गुरुदीक्षा 302, गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार 254 , विद्यारंभ संस्कार 396, जन्म दिवस 51, मुण्डन 97, अन्नप्राशन 26 एवं 143 विवाह दिवस संस्कार कराया जा चुका है।


### 3000 लोगों ने नशा छोड़ने का लिया संकल्प


श्री नाग ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्लाइड, प्रोजेक्टर, रैली, गोष्ठी एवं यज्ञीय आयोजन में लगभग 20 गांवों एवं शालाओं में विद्यार्थियों एवं लगभग 3000 लोगों को नशा छोड़ने संकल्प कराया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नकली नोट लेने से मना करने पर दुकानदार पर हमला

**आमातालाब रोड की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





डेली नीड्स के दुकानदार द्वारा नकली नोट लेने से मना करने पर दो युवक ने चाबी से हमला कर उसे घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विनायकसिंह ध्रुवंशी पिता रूपसिंह आमातालाब रोड निवासी डेली नीड्स व आटाचक्की की दुकान चलाता है। बुधवार की सुबह दो युवक उसकी दुकान में पहुंचे। सामान खरीदने के लिए 50-50 रूपए के नकली नोट दिए। दुकानदार ने नकली नोट की पहचान कर युवकों को पकड़ने का प्रयास किया तो वे भाग गए। गुरुवार को भी एक युवक 50 रुपए का नकली नोट के साथ दुकान पहुंचा। दुकानदार द्वारा विरोध करने पर वहां दूसरा युवक पहुंच गया और दोनों कार की चाबी से हमलाकर मारपीट करने लगे। शोरगुल सुन दुकान के पास लोगों की भीड़ देख दोनों युवक कार क्रमांक सीजी 05 एएल 1266 में सवार होकर भाग गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक युवक ने उनकी कार की फोटो ले ली है। पीड़ित विनायक ध्रुवंशी ने शिकायत आवेदन के साथ दिए गए 50 रुपए के तीन नकली नोट को संलग्न कर थाना प्रभारी से नकली नोट गिरोह पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## एलुमनी मीट में भूतपूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. आरआर मेहरा एवं प्रो. कौशल नायक तथा प्रो. लोकेश्वरी राठिया के निर्देशन में वनस्पतिशास्त्र विभाग के भूतपूर्व छात्र सम्मेलन एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र किरण कश्यप, भावना साहू, आरती, पल्लवी, सोनल, रेशमा साहू, नेहा राजन सहित वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रो. आरआर मेहरा ने कहा कि यह छात्र सम्मेलन तीन सत्र के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का संगम है जिसमें भूतपूर्व छात्रों द्वारा साझा किये गये अनुभव तथा सुझावों से वर्तमान छात्र प्रेरणा लेकर और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रो. कौशल नायक ने बताया कि एलुमनी मीट न केवल पुराने सहपाठियों से मिलने का अवसर देता है बल्कि जिस संस्था से आपने अध्ययन किया है।

## शहर के चार वार्डों में लगी सफाई चौपाल



- नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने सफाई अभियान में बंटाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के 40 वार्डों में मूलभूत समस्याओं के त्वरित निदान व सफाई चौपाल का आयोजन 20 फरवरी से 5 मार्च तक किया जा रहा है। सुबह 7 से 10 बजे तक निगम अमला के साथ नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने शामिल होकर सहयोग किया। सफाई अभियान का शुभारंभ शहर के सदर उत्तर, बनियापारा, हटकेशर सहित शीतलापारा वार्ड में किया गया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि हम सबको मिलकर स्वच्छ धमतरी, स्वस्थ धमतरी बनाना है। धमतरी को प्रदेश का सबसे सुंदर व विकसित शहर बनाना है। इस उद्देश्य को बिना सामूहिक प्रयास के प्राप्त नहीं किया जा सकता। इस महाअभियान में सबका सहयोग आवश्यक है।

इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने महापौर रामू रोहरा से गोलबाजार के पास शौचालय का निर्माण करने की मांग की। जिस पर श्री रोहरा ने निगम अधिकारियों को उपयुक्त स्थान का चयन कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

## केंद्रीय विद्यालय में खेल पुरस्कार बांटे गए

- राइफल शूटर सौम्य, श्रेया व सूर्यप्रकाश बने बेस्ट प्लेयर ऑफ द इयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्रीय विद्यालय धमतरी में उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान समारोह मनाया गया जिसमें वर्ष भर विभिन्न खेलों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष यहां की राइफल शूटिंग टीम बालिका ने लगातार तीसरी बार चैम्पियनशिप पर कब्ज़ा करते हुए हैट्रिक बनाई। टीम ने न केवल नगर को अपितु केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। इस वर्ष केविएस राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता चंडीगढ़ में हुई। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में 10 मीटर राइफल शूटिंग बालिका वर्ग 14 वर्ष स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर रजत पदक विजेता सौम्य सोनबर व श्रेया देवांगन को बेस्ट प्लेयर आफ द ईयर का ख़िताब विद्यालय प्राचार्य गिरीश बाबु कुस्तवार द्वारा दिया गया। हैंडबाल बालक वर्ग में विजेता टीम कैप्टन सूर्य प्रकाश नेताम को बेस्ट प्लेयर आफ द ईयर का खिताब मिला। छात्रों की इस सफलता पर शूटिंग प्रशिक्षक एसके पाण्डेय ,वरिष्ठ शिक्षक पीएल साहू, डीके साहू, एसके गिरी, श्रीमती सुमित्रा ठाकुर, श्रीमती योगिता, सुरेश देवांगन, योगेश नेताम तथा विद्यालय खो-खो टीम प्रशिक्षक हेमसिंह पटेल सहित स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जीवन साथी चुनने बौद्ध समाज ने युवक युवती, विधवा-विधुर परिचय सम्मेलन रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सम्मेलन में अतिथियों ने समाज के उत्थान और एकता पर दिया बल

बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम एवं भारतीय बौद्ध महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा वैद के नेतृत्व में भारतीय बौद्ध युवक-युवती, विधवा-विधुर परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री मेश्राम ने सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि पिछले दो वर्षों में किए गए प्रयासों से कई परिवारों को लाभ हुआ है और भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों एवं विधवा-विधुरों को विवाह हेतु उचित जीवनसाथी चुनने का अवसर प्रदान करना है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सविता मेश्राम ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे सप्ताह में एक बार बौद्ध विहार अवश्य जाएं ताकि समाज में एकजुटता और आध्यात्मिकता बनी रहे। विशिष्ट अतिथि रामाकांत महाजन, शिव कुमार खापर्डे, योगेंद्र रामटेके, नारद मेश्राम ने इस आयोजन की सराहना की। इस सम्मेलन में गरियाबंद, जगदलपुर, महासमुंद क्षेत्र से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पार्षद अज्जू देशलहरे, दीपक सोनकर, प्रकाश सिन्हा एवं श्रीमती सुमन मेश्राम को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में अतिथियों ने समाज के उत्थान और एकता पर बल दिया। मौके पर नम्रता कुटारे, सुनीता चमन गजबिए, तारा वैद्य, दिनेश रामटेके, लालाराम वैद्य, दीपक वैद्य, संजय गजबिए, परमेश्वर खापर्डे, विजेंद्र रामटेके, भोजराज कुटारे, अशोक मेश्राम, विठ्ठल सहारे, दीपक सहारे, श्याम रंगारी, मनोज खापर्डे, द्वारका खापर्डे, संतोष नांदेश्वर, मनोज शेंडे, अशोक मेश्राम, राकेश वैद, उमाकांत वैद्य, नानाजी मेश्राम, उषा रामटेके, ज्वाला गजबिये, भावना खापर्डे, सरोज नागदेवे, वर्षा नांदेश्वर, अनीता रंगारी, श्वेता शेंडे, निर्मला रामटेके, संध्या मेश्राम, रंजना रामटेके समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेंद्र कुटारे ने दी है।

## निगम प्रशासन करेगा कुत्तों का बधियाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**बधियाकरण नहीं होने से शहर में बढ़ी कुत्तों की संख्या, पिछले वर्ष 200 लोग हुए थे शिकार**

शहर में इन दिनों लावारिस कुत्तों की संख्या बढ़ गई है। झुंड बनाकर विचरण करने वाले कुत्ते राहगीरों को अपना निशाना बना रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बीते वर्ष 200 से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा था, जिन्होंने रैबीज का इंजेक्शन लगवाया। पिछले 10 वर्ष से बधियाकरण नहीं होने से लावारिस कुत्तों की संख्या शहर में बढ़ गई है। नागरिकों की मांग पर जिला प्रशासन की अनुमति से नगर निगम प्रशासन अब कुत्तों का बधियाकरण करेगा।

शहरी नागरिक सुखदेव ओझा, नरेन्द्र पटेल, ओंकार पटेल, गणेश साहू का कहना है कि शहर के इतवारी बाजार, आमातालाब रोड, विंयवासिनी मंदिर मार्ग, बस स्टैंड, आमापारा चौक, रूद्री रोड, जिला अस्पताल रोड सहित शहर के सभी वार्डों में लावारिस कुत्तों का जमावड़ा है। ये राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। खासकर छोटे बच्चे और महिलाएं ज्यादा परेशान हैं।

सुबह-शाम टहलने वाले बुजुर्गों पर भी हमला कर रहे हैं। 10 वर्ष पूर्व 2014 में बधियाकरण हुआ था। इसके बाद बधियाकरण अभियान के बंद होने से कुत्तों की संख्या बढ़ गई है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Cosmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विधि संकाय के छात्रों का वायवा 1 मार्च को

**धमतरी।** पीजी कालेज के विधि संकाय में अध्ययनरत एलएलबी व्दितीय वर्ष प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की प्रोफेशनल एथिक्स एण्ड प्रोफेशनल एकाउंटिंग का वायवा 1 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से महाविद्यालय के विधि विभाग में रखा गया है। छात्र-छात्राएं अपनी प्रायोगिक फाइल के साथ उपस्थित होंगे। उपस्थित नहीं होने पर जवाबदारी संबंधित छात्र-छात्राओं की होगी।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बी.कॉम (आईटी) व्दितीय वर्ष विषय-कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बीएससी (आईटी) व्दितीय वर्ष विषय-वेब टेक्नालॉजी एण्ड जावा एवं बीसीए व्दितीय वर्ष विषय-ऑपरेटिंग सिस्टम (लाईनेक्स) की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 फरवरी को महाविद्यालय के आईटी विभाग में प्रातः 10:30 बजे होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं अपनी प्रायोगिक फाइल के साथ उपस्थित होंगे। अनुपस्थिति की दशा में छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न पाठ्यक्रमों पर दिया जाएगा प्रशिक्षण



■ आवेदन 27 फरवरी तक मंगाए गए

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत फील्ड टेक्निशियन एंड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल, डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आवेदकों से 27 फरवरी तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि फील्ड टेक्निशियन एंड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल तथा डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण के लिए 12वीं पास और सुरक्षा गार्ड के लिए आठवीं उत्तीर्ण आवेदक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पासपोर्ट साईज की फोटो के साथ सुबह 10 से शाम साढ़े 5 बजे तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदकों की काउंसिलिंग 27 फरवरी को ही सुबह 11 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में की जाएगी।

सोरिद, कलेक्टोरेट रोड, बस स्टैंड के पीछे स्थित शराब दुकानों से हो रही लोगों को परेशानी

# शराब दुकानों को हटाने उठने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मार्च माह से पहले ही कई शराब दुकानों को हटाने की मांग उठने लगी है। कई वार्ड तो ऐसे हैं, जहां पर सालों से लोग शराब दुकानों को हटाने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने इन दुकानों को अन्यत्र ले जाने का आश्वासन भी दिया था लेकिन आज तक इन दुकानों को नहीं हटाया गया है।

नए वित्तीय वर्ष में शराब दुकानों का नए सिरे से व्यवस्थापन किया जाता है। ऐसे में लोग एक बार फिर शराब दुकानों के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। सोरिद वार्ड में तो हाईवे पर अंग्रेजी शराब दुकान संचालित है। यहां के वार्डवासी लगातार दो साल से इस शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं। पिछले साल भी वार्डवासियों ने इस शराब दुकान को हटाने के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया था। जिला प्रशासन ने इस शराब दुकान को हटाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन विधानसभा चुनाव फिर लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के चलते वार्डवासी आंदोलन को लगातार जारी नहीं रख सके और शराब दुकान वहीं की वहीं रह गई। अब एक बार फिर वार्डवासी इस शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं। वार्डवासी नवीन मिश्रा, राकेश तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस शराब दुकान से पूरा वार्ड परेशान है। शराब दुकान के आसपास रहने वालों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शाम ढलते ही यहां पर शराबियों का मजमा लगता है। उनकी उटपटांग हरकतों से लोगों को शर्मिंदगी उठनी पड़ती है।

### यहां भी हो रही परेशानी

कलेक्टोरेट रोड में शराब दुकान है। यहां पर स्कूल और धार्मिक स्थल भी है, जिसके चलते दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। शहर की प्रमुख सड़क होने के कारण देर रात लोग यहां से गुजरते हैं। आसपास कई कॉलोनी और घर भी हैं। शराब दुकान के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्डवासियों ने बताया कि व्यस्त मार्ग पर शराब दुकान होने के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने इस शराब दुकान को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है।

### बस स्टैंड का बिगड़ रहा माहौल

बस स्टैंड के पीछे शराब दुकान भी परेशानी का सबब बनी हुई है। शराब दुकान के पास ही आधा दर्जन अस्पताल हैं, जहां पर देर रात तक लोग आते-जाते रहते हैं। शराब दुकान के चलते मरीज और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ती है। रात में कई बार तो शराबियों के डर से मरीज अस्पताल से घर जाने में डरते हैं। डॉक्टरों ने भी इस शराब दुकान को हटाने की मांग की है।

## शहर के चार वार्डों में लगी सफाई चौपाल



**धमतरी।** शहर के 40 वार्डों में मूलभूत समस्याओं के त्वरित निदान व सफाई चौपाल का आयोजन 20 फरवरी से 5 मार्च तक किया जा रहा है। सुबह 7 से 10 बजे तक निगम अमला के साथ नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने शामिल होकर सहयोग किया। सफाई अभियान का शुभारंभ शहर के सदर उत्तर, बनियापारा, हटकेशर सहित शीतलापारा वार्ड में किया गया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि हम सबको मिलकर स्वच्छ धमतरी, स्वस्थ धमतरी बनाना है। धमतरी को प्रदेश का सबसे सुंदर व विकसित शहर बनाना है। इस उद्देश्य को बिना सामूहिक प्रयास के प्राप्त नहीं किया जा सकता। इस महाअभियान में सबका सहयोग आवश्यक है। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने महापौर रामू रोहरा से गोलबाजार के पास शौचालय का निर्माण करने की मांग की। जिस पर श्री रोहरा ने निगम अधिकारियों को उपयुक्त स्थान का चयन कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

## जय भवानी.. जय शिवाजी...



**धमतरी।** छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मराठा समाजजनों ने बाइक रैली निकालकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए इतवारी बाजार स्थित माँ तुलजा भवानी मंदिर परिसर में पहुंचकर रैली को विराम दिया।

## एटीएम मशीन में तोड़फोड़ पर कैश सुरक्षित

रूद्री चौक की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रूद्री चौक पर लगी एटीएम मशीन में असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं एटीएम में रखे लाखों रूपए सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर एक निजी कंपनी का एटीएम लगाया गया है। बुधवार की मध्य रात्रि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एटीएम में घुसकर मशीन में तोड़फोड़ करते हुए मॉनिटर सहित महत्वपूर्ण इलेक्ट्रानिक उपकरण व केबल को उखाड़ दिया है। घटना के समय एटीएम मशीन में 5 से 6 लाख रूपए होना बताया जा रहा है, जो पूरी तरह से सुरक्षित है। मशीन में तोड़फोड़ करने के बाद आरोपी वहां से भाग गए। संचालक उमेश श्रीवास्तव का कहना है कि कुछ समय पहले उन्होंने रूद्री चौक में निजी कंपनी का एटीएम लगवाया है। गुरूवार की सुबह फोन के माध्यम से एटीएम में तोड़फोड़ होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर देखा कि मशीन क्षतिग्रस्त हो गई है। उसके पार्ट्स उखाड़ दिए गए। एटीएम के अंदर ईंट पड़ी हुई थी। नुकसान का आकलन कंपनी के इंजीनियर के आने के बाद ही हो पायेगा। मशीन में रखे पैसे सुरक्षित हैं। सूचना पर रूद्री पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। एटीएम में कैमरा नहीं लगा है लेकिन मशीन में मॉनिटरिंग के लिए कैमरा लगा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खांगल रही है।

## हिन्दू राष्ट्र की आधारशिला शिवाजी महाराज ने रखी : रामू



■ शिवाजी जयंती के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए नवनिर्वाचित महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर मराठा समाज व्दारा मराठा मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि राहुल हिशीकर प्रसिध्द चिकित्सक, वक्ता वर्णिका शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे ने की।

इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि शिवाजी महाराज के पराक्रम से मुगल अक्रांता थर-थर कांपते थे। हिंदू राष्ट्र की आधारशिला छत्रपति शिवाजी महाराज ने रखी थी। उन्होंने उपस्थितजनों से शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही।

श्री रोहरा ने आगे कहा कि इस निगम चुनाव में दो भाजपा मराठा प्रत्याशी चुनकर आये हैं जिनका लाभ वार्ड सहित शहर विकास में मिलेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि धमतरी की जनता ने जिस उम्मीद से चुना है, उसे पूरा करने में पूरी ताकत लगा दूंगा। दलगत भावना से ऊपर उठकर शहर विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करूंगा। इस चुनाव में मुझे बांसपारा व मराठापारा से अप्रत्याशित मत मिले हैं। इसके लिए उन्होंने दोनों वार्ड की जनता आभार व्यक्त किया।

## जीत के बाद कविता बाबर ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों से लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात श्रीमती कविता योगेश बाबर ने राजीव भवन पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कांग्रेसजनों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, गुड्डा दीवान, अंबर चंद्राकर, सूरज पासवान, मानिक साहू, धर्मेन्द्र पटेल, राज देवांगन उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ

**सांकरा।** हाईस्कूल सांकरा में 16 से 19 फरवरी तक 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री साधुमार्गी जैन संघ सांकरा नगरी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रखा गया। 18 फरवरी को आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नवकार महामंत्र जाप एवं गायत्री मंत्र से हुआ। शिविर में लगभग 509 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। जरूरतमंदों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। लगभग 400 से अधिक लोगों को दूर एवं नजदीक के चश्मे दिए गए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. आरके वर्मा आयुर्वेदिक, टीआर साहू होम्योपैथिक, डॉ. आशीष साहू, डॉ. एमपी चंद्राकर धमतरी आयुर्वेदिक, डॉ. किशोर सोन, नेत्र चिकित्सा विभाग से राकेश साहू, योगेंद्र बोरिया, देवेंद्र साहू, गजानन पैकरा ने सेवा दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:- स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते हैं।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते हैं।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते हैं।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते हैं।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते हैं।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते हैं।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

